पूर्वोत्तर रेलवे

कार्यालय
मंडल रेल प्रबन्धक(कार्मिक)
लखनऊ
दिनांक-08.05.2026

पत्रांक संख्या - ई/II/206/हाउस आफिसर/चयन/राज0

अधिसूचना

मंडल चिकित्सालय पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ में हाउस आफिसर के चयन हेतु दिनांक 20.05.2026 को वाक-इन-इन्टरव्यू 12:00 बजे मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे, अशोक मार्ग लखनऊ में निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार की निर्धारित तिथि एवं स्थान पर संलग्न प्रोफोर्मा पर आवेदन भर कर सभी वांछित प्रपत्रों की स्व-हस्ताक्षरित प्रतिलिपियों तथा मूल प्रमाण पत्रों के साथ सुबह 10:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

इस वाक-इन-इन्टरव्यू में पैनल का गठन किया जायेगा। इस पैनल से मेरिट के आधार पर चिकित्सालय में रिक्त होने वाले हाउस ऑफिसर की रिक्तियों को भरा जायेगा।

1.आयु सीमा :- अभ्यर्थियों की साक्षात्कार के दिन आयु 35 वर्ष या उससे कम होनी चाहिए, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के अभ्यार्थियों को आयु में 05 पांच वर्ष की एंव ओ.बी.सी. अभ्यर्थी को 03 तीन वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी।

2.न्यूनतम योग्यता :-

I एमबीबीएस।
II एक वर्ष का इटर्नशिप पूर्ण होना चाहिए।
III भारत के किसी राज्य चिकित्सा काउन्सिल में पंजीकृत होना चाहिए।

3. मानदेय :- चयनित हाउस आफिसर को दिया जाने वाला मानदेय उत्तर प्रदेश के सरकारी चिकित्सालयों में कार्यरत हाउस आफिसर हेतु निर्धारित मानदेय के समान देय होगा।

4. **आवश्यक प्रमाण पत्रः-**

I.शैक्षिक योग्यता के अंकतालिका हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, एमबीबीएस के सभी प्रोफेशनल परीक्षा परिणाम तथा एमबीबीएस परीक्षा में प्रयास (Attempt) का प्रमाण-पत्र।
II.आयु प्रमाण-पत्र।
III.अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ओ0बी0सी0 का प्रमाण-पत्र।

नोटः- आवेदन का प्रारूप, पात्रता, नियम व शर्तों का विस्तृत विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट https://ner.indianrailways.gov.in/ के लखनऊ मण्डल में उपलब्ध है।

08/5/26

(सुभाष चंद्रा)
मंडल कार्मिक अधिकारी
कृते मंडल रेल प्रबन्धक (कार्मिक)
पूर्वोत्तर रेलवे /लखनऊ

नियम व शर्तें

1. चयनित किये गये हाउस आफिसर का अधिकतम कार्यकाल 02 (दो) वर्ष का होगा । प्रथम प्रारंभिक इंगेजमेंट 01 (एक) वर्ष के लिए किया जायेगा एंव 01 वर्ष के पश्चात कार्य की समीक्षा के आधार पर 01 (एक) वर्ष की अवधि विस्तार हेतु कार्यवाही की जायेगी ।
2. इंगेजमेंट अवधि में प्राईवेट प्रैक्टिस पूर्ण रुप से प्रतिबन्धित होगा ।
3. स्वयं के बीमार होने पर हाउस आफिसर की निःशुल्क चिकित्सा की जायेगी ।
4. अर्जित छुट्टी की कोई व्यवस्था नही होगी, किन्तु एक वर्ष में कुल मिलाकर 08 (आठ) दिन की आकास्मिक अवकाश देय होगा ।
5. एक वर्ष की संतोषजनक सेवा के बाद कार्यस्थल से हाउस आफिसर द्वारा घोषित होम टाउन के लिए साधारण प्रथम श्रेणी का 01 (एक) सेट मानार्थ पास दिया जायेगा ।
6. प्रशासनिक अधिकारों को छोड कर शेष सभी प्रयोजन के लिए हाउस ऑफिसर को रेल चिकित्सालयों में उनकी हाउस आफिसरशिप के दौरान पूर्ण आर्हता प्राप्त चिकित्सक माना जायेगा ।
7. वाक-इन इन्टरव्यू में भाग लेने हेतु आने व जाने के लिए न ही कोई रेलवे यात्रा पास और न ही कोई यात्रा भत्ता देय होगा ।
8. 15 (पन्द्रह) दिन की अग्रिम सूचना (दोनो पक्ष की तरफ से) देने के पश्चात सेवा समाप्त की जा सकती है । हाउस आफिसर की तरफ से नोटिस देने की तिथि के उपरांत अनुपस्थित रहने की स्थिति में पूर्व में कार्य की गयी अवधि से 15 (पन्द्रह) दिन के वेतन की कटौती कर ली जायेगी ।
9. मूल्यांकन हेतु अधिकतम अंक 100 होगें :-

क	एमबीबीएस के प्राप्तांक के आधार पर	50 अंक
	यह अंक एमबीबीएस में प्राप्त कुल अंको के प्रतिशत के अनुसार दिये जायेंगे जैसे किसी अभ्यर्थी का 60 प्रतिशत है तो उसे 50 अंकों में 30 अंक दिये जायेंगे ।	
ख	अंतिम एमबीबीएस में प्रथम प्रयास पर	05 अंक
ग	मौखिक परीक्षा	30 अंक
घ	व्यक्तिव सामान्य ज्ञान हेतु	15 अंक

एमबीबीएस फाइनल परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर 01 अंक प्रति प्रयास / विषय की कटौती की जायेगी।

(सुभाष चंद्रा)
मंडल कार्मिक अधिकारी
कृते मंडल रेल प्रबन्धक(कार्मिक)
लखनऊ

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. प्रधानाचार्य किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय/ लखनऊ
2. राम मनोहर लोहिया आर्युविज्ञान संस्थान गोमतीनगर/ लखनऊ
3. महाप्रबंधक/ चिकित्सा/ गोरखपुर
4. निदेशक/ लनामिरेचि/ गोरखपुर
5. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ उत्तर रेलवे/ आर0डी0एस0ओ0, लखनऊ
6. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ बलरामपुर चिकित्सालय/ लखनऊ
7. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ लखनऊ, इज्जतनगर एवं वाराणसी

8/5/26

कृते मंडल रेल प्रबन्धक(कार्मिक)
लखनऊ

हाउस आफिसर के पद पर चयन हेतु आवेदन पत्र

सेवा में,
मंडल रेल प्रबन्धक (कार्मिक)
पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

1. नाम- (बडे अक्षरों में):-.....
2. पिता / पति का नाम :-.....
3. पत्राचार का पता/स्थाई/अस्थाई /डी0ओ0टी0 फोन एवं पिन कोड के साथः-
   .....
   .....
4. जन्म तिथिः -.....
5. जिस वर्ग से सम्बन्धित हो सही का चिन्ह लगाए अजा./अजजा अथवा अन्य पिछड़ा वर्ग :-.....
6. राष्ट्रीयताः-.....
7. शैक्षणिक / व्यवसायिक योग्यता:-

क्रम सं.	परीक्षा	उत्तीर्ण होने का वर्ष	मेडिकल कॉलेज विश्वविद्यालय	प्रयासों की संख्या	प्राप्त अंकों का प्रतिशत
1	हाईस्कूल/समकक्ष				
2	माध्यमिक/समकक्ष				
3	प्रथम प्रोफेशनल एम.बी.बी.एस				
4	द्वितीय प्रोफेशनल एम.बी.बी.एस				
5	फाईनल प्रोफेशनल पार्ट-1 एम.बी.बी.एस./तृतीय प्रा0				
6	फाईनल प्रोफेशनल पार्ट-2 एम.बी.बी.एस./चतुर्थ प्रा0				

8. मेडिकल काउन्सिल का पंजीकरण संख्या..... व दिनांक.....
9. अनुभव यदि हो ।
10. मूल आवेदन के साथ अपेक्षित अभिप्रमाणित अभिलेख निम्न अनुसार संलग्न करें ।
11. पासपोर्ट आकार के दो फोटोग्राफ ।
12. जन्म तिथि प्रमाण-पत्र (हाईस्कूल या समकक्ष प्रमाण-पत्र)
13. एम0बी0बी0एस0/ अंक पत्र सहित (सभी भाग तथा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय का कोई उच्च चिकित्सा योग्यता का प्रमाण-पत्र यदि हो) एम0बी0बी0एस0/ डिग्री के भी भाग के अंक पत्र सहित अन्य कोई डिग्री अथवा डिप्लोमा ।
14. इन्टर्नशिप प्रमाण-पत्र यदि हो।
15. अजा/अजजा एवं पिछड़ी जाति के समर्थन में प्रमाण-पत्र।
16. चिकित्सा संघ प्रमाण-पत्र (मेडिकल काउंसिल प्रमाण-पत्र)
17. अनुभव-यदि कोई हो ।

मै एतद द्वारा घोषणा करता हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिए गये कथन मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार पूर्ण एवं सही है, मुझे पता है कि इसमें दिये गये किसी भी विवरण/सूचना को यदि असत्य अथवा गलत या छिपाया गया अथवा विवरण मे विसंगति पायी जाती है, तो इंगेजमेंट समाप्त कर दिया जायेगा। इसके लिए मेरे विरुद्ध कोई भी सिविल / अपराधिक कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। मुझे यह भी जानकारी है कि साक्षात्कार के लिए यात्रा-भत्ता आदि के लिए मै पात्र नहीं हूँ ।

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

पूरा नामः-
पताः-
मोबाईल नम्बरः- **व्हाट्सअप नंबरः-**
स्थानः-
दिनांक-